हरिभूमि विंध्य भूमि
5
जबलपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर सतना ने जिलेवासियों को दी दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं

**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने जिले के नागरिकों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखी और समृद्ध जीवन की मंगलकामना की है। उन्होंने कहा कि खुशियों और प्रकाश का यह महापर्व जिले के हरघर में सुख शांति और समृद्धि का संचार करे। दीपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। यह त्यौहार गहन अंधकार की घड़ियों में प्रकाश के महत्व को दर्शाता है।कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा है कि दीपावली स्वच्छता का भी उत्सव है,इस लिए हम प्रदूषण से मुक्त पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ दीपावली मनाकर प्रकृति का सम्मान करें। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से शहर वासियों से सहयोग की अपील करते हुए कलेक्टर ने कहा है कि ध्वनि उत्पन्न करने वाले पटाखों पर रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंध है। केवल ग्रीन पटाखे की श्रेणी में आने वाले फुलझड़ी,अनारदाना,मेरून की आतिशबाजी करें। खुद सुरक्षित रहें, पर्यावरण को बिगड़ने से बचाए,विद्युत सुरक्षा और सावधानियां बरतें परिवार और मित्रों के साथ हर्षोल्लास से सुरक्षित दीपावली मनाएं।

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया निरीक्षण

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के 19अक्टूबर को दौरे को लेकर कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने शनिवार को सुभाष पार्क के निकट स्थित व्यापार भवन के बगल में पूर्व विधायक स्व.शंकरलाल तिवारी के निवास पर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था,यातायात प्रबंधन और कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा भी की। कलेक्टर एवं एसपी ने स्व.शंकरलाल तिवारी के निवास के आस-पास स्थित भवनों का भी निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए तैनात की जाने वाली पुलिस टीम के तैनाती की व्यवस्थायें देखी। कलेक्टर एवं एसपी ने स्व.तिवारी के पुत्र राज नारायण तिवारी (राजा),आशीष नारायण तिवारी,एवं पुनीत नारायण तिवारी से भेंट कर आवश्यक जानकारी एवं समन्वय पर चर्चा की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना,अपर कलेक्टर विकास सिंह सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चिन्मय विद्यालय में दीपावली पर हुए विविध आयोजन

**सतना।** चिन्मय विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर दीपावली पर्व मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ अवस्थी ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता दीपावली कार्ड पूजन थाली सजाना एवं दीपक सज्जा जैसी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर रंगोली सजाई गई। मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम की मनमोहक तस्वीर तथा ऑपरेशन सिंदूर की झलक को विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कर पर्व सार्थक किया गया।समिति सदस्या श्रीमती आशा नायक एवं चिन्मय मिशन के सचिव मनमोहन माहेश्वरी ने कार्यक्रम का अवलोकन कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# धनतेरस पर बाजारों में बरसी 'धन वर्षा' बाजार में हुई रिकॉर्ड तोड़ बिक्री !



**सतना।** धनतेरस के शुभ अवसर पर सतना के बाजारों की सुस्ती पूरी तरह दूर हो गई और लोगों ने जमकर खरीदारी की,जिससे कारोबारियों को अच्छा व्यापार हुआ। सुबह से देर रात तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहा,जिससे बाजार गुलजार रहे। हालांकि,व्यापारियों ने अभी भी उम्मीद से थोड़ा कम व्यापार होने की बात कही है।

### बर्तनों की रही सर्वाधिक डिमांड

धनतेरस पर सबसे शुभ मानी जाने वाली बर्तनों की खरीदारी में ग्राहकों ने गहरी रुचि दिखाई। व्यापारी सुंदर लाल बत्रा ने बताया कि लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार बर्तनों की खरीदारी की। डिनर सेट, गिलास सेट,चम्मच सेट,फैंसी जग,डिजाइनदार थालियां, इंपोर्टेड केतली, कप सेट बाल्टी, लोटा, इंपोर्टेड डिनर सेट,पूजा की थाली और थर्मस जैसे आइटम्स की विशेष डिमांड रही। कई ग्राहकों ने तो अपनी बेटी की शादी में दिए जाने वाले बर्तनों की भी जमकर खरीदारी की।

### सोने-चांदी की भी हुई अच्छी बिक्री

ज्वेलरी के क्षेत्र में भी अच्छी रौनक देखने को मिली।सोने और चांदी के गहने भी खूब बिके। चांदी की हटड़ी,गणेश,मां लक्ष्मी,विष्णु भगवान,राधा-कृष्ण,शिव परिवार व अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों से बने चांदी के सिक्के,और आकर्षक डिजाइनों से तैयार की गई सोने की गिन्नी खरीदारों को खूब पसंद आई। स्वर्णकार गुलशन व मोहित ने बताया कि सदियों से धनतेरस पर चांदी के सिक्के खरीदने की



परंपरा है,वहीं कुछ लोग अपनी हैसियत के अनुसार सोने की गिन्नी भी खरीदते हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों ने प्राचीन परंपरा के तहत चांदी के एक रुपए से लेकर दस रुपए तक के सिक्के और सोने की गिन्नी खरीदी। पंडित संजय के अनुसार,धनतेरस पर चांदी व सोने के आभूषण व बर्तन खरीदना शुभदायी है और यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

### वाहनों की बिक्री पर शनिवार का असर,डिलीवरी सोमवार को

वाहनों की बिक्री भी कम नहीं रही,हालांकि शनिवार होने के कारण उम्मीद के मुताबिक गाड़ियां ज्यादा नहीं बिक पाईं। लोगों ने गाड़ियां बुक तो कीं लेकिन उनकी डिलीवरी सोमवार को होगी।

### इलेक्ट्रॉनिक और कपड़े भी बिके

उपभोक्ताओं ने ज्वेलरी और बर्तनों के अलावा इलेक्ट्रॉनिक आइटम और ब्रांडेड कपड़ों की भी जमकर खरीदारी की,जिससे बाजार में हर तरफ चहल-पहल दिखी।

### दीपावली पर क्रॉकरी बाजार गुलजार

दीपावली के अवसर पर क्रॉकरी के सामान की खरीदारी भी खूब हो रही है। उत्तर प्रदेश निवासी हारुण,जो 16 साल से यहां क्रॉकरी का सामान बेचने आते हैं,ने बताया कि दीपावली पर क्रॉकरी की खरीदारी ज्यादा होती है,क्योंकि यह हल्का सामान होता है।

## ओवरलोड परिवहन पर दो वाहनों को किया जब्त



कटनी में अवैध खनिज परिवहन पर लगाम कसने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खनिज विभाग का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम ने चाका बायपास और झिंझरी बायपास पर वाहनों की सघन जांच की। उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि जांच के दौरान पन्ना मोड़ के पास दो हाइवा वाहनों को अतिरिक्त मात्रा में गिट्टी का परिवहन करते पकड़ा गया। दोनों वाहनों को जप्त कर कोतवाली थाने में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। जांच दल ने बड़वारा रोड और पन्ना रोड पर भी पूरी रात निरीक्षण अभियान चलाया।

## सीधी जाने की कहकर निकला था एमआर, सतना के होटल में संदिग्ध अवस्था में मिला शव, सनसनी

**सतना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष चौक स्थित होटल सरोवर में एक 25 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान प्रखर तिवारी पुत्र सत्येंद्र तिवारी,निवासी महादेव रोड धवारी के रूप में हुई है,जो एक एमआर (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव) का काम करता था।

### घर से सीधी जाने की कहकर निकला था

जांचकर्ता पुलिस अधिकारी सुभाष वर्मा के अनुसार,प्रखर तिवारी शुक्रवार को घर से 'सीधी' जाने की बात कहकर निकला था। पुलिस के मुताबिक,प्रखर ने सुभाष चौक के पास होटल सरोवर पहुंचकर अपने दो मित्रों क्षितिज मिश्रा और राजदीप सिंह को फोन करके बुलाया। उनके पहुंचने पर तीनों मित्रों ने साथ बैठकर काफी देर तक बातचीत की।

### होटल में आराम करते वक्त हुई घटना

बताया गया है कि तीनों मित्रों ने बाद में बॉस रेस्टोरेंट जाकर शाकाहारी भोजन किया और फिर सरोवर होटल पहुंचकर आराम करने लगे। देर हो जाने के कारण प्रखर ने 'सीधी' जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया। इसी दौरान,बातचीत करते-करते प्रखर तिवारी सो गया। उसके सो जाने पर दोनों साथियों ने बगल में खिसककर आराम करने की कोशिश की,लेकिन प्रखर के शरीर में



किसी तरह की हलचल न होने पर उन्होंने तुरंत उसके परिवार को मोबाइल पर सूचना दी।

### दोस्तों ने पहुंचाया अस्पताल,डॉक्टर ने किया मृत घोषित

सूचना देने के साथ ही दोनों मित्र प्रखर तिवारी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे,जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने पंचनामा तैयार कराकर डॉक्टरों के पैनल द्वारा युवक का पोस्टमार्टम कराया।

### हृदय गति रुकने की आशंका

सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार,युवक की मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। प्रथम दृष्टया,युवक की मौत हृदय गति रुकने से होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस फिलहाल डॉक्टर की विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## चित्रकूट में पाँच दिवसीय दीपावली मेला शुरू, पहले ही दिन उमड़ा आस्था का सैलाब


**सतना।** पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में शनिवार से पाँच दिवसीय दीपावली मेले का भव्य शुभारंभ हो गया है। पहले दिन से ही धर्मनगरी में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है।

### रिकॉर्ड तोड़ भीड़

कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार,दोपहर तक ही लगभग सवा लाख (1.25 लाख) श्रद्धालुओं ने पवित्र मंदाकिनी गंगा में डुबकी लगाकर स्नान किया। इसके बाद भक्तों ने भगवान मत्स्यगजेंद्रनाथ और भगवान कामदगिरिनाथ के दर्शन-पूजन किए तथा सुख-समृद्धि एवं आरोग्य की कामना की।

### भक्ति और दीपदान का कार्यक्रम

श्रद्धालु रात से ही मंदाकिनी गंगा में स्नान-पूजा के लिए घाटों पर डेरा डाले हुए थे। गुप्त गोदावरी, कामतानाथ प्रथम मुखारविंद,हनुमानधारा,सती अनुसूइया और रामघाट जैसे प्रमुख स्थानों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित रहे। मेले के दौरान,रामघाट पर रात को गंगा आरती का भव्य आयोजन किया जाएगा,और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दीप दान कर पुण्य अर्जित करेंगे। अनुमान है कि इन पाँच दिनों के दीपावली मेले में लगभग



30 से 40 लाख श्रद्धालु चित्रकूट पहुँच सकते हैं।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चाक-चौबंद व्यवस्था की है।
मंदाकिनी नदी के घाटों पर गोताखोरों की टीम पूरी तैयारी के साथ तैनात की गई है। कामतानाथ प्रथम मुखारविंद कंट्रोल रूम में फायर ब्रिगेड (अग्निशमन विभाग) की टीम भी मौजूद है। फायर ब्रिगेड की टीम आग से बचाव के सभी आवश्यक उपकरणों के साथ तैनात है। यह पाँच दिवसीय मेला भक्ति, संस्कृति और आस्था के महासंगम का केंद्र बन गया है।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 अक्टूबर को

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 23 अक्टूबर को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदकों की शिकायतों का समाधान करेंगे। यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन के विभिन्न विषयों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की जाएगी। इनमें किसान क्रेडिट कार्ड,रासायनिक खाद और बीज का वितरण,नलजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति,नवीन राशनकार्ड जारी करना एवं कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना में मजदूरों के पंजीयन शामिल हैं। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना,मेडिकल कालेज में प्रसूति सहायता योजना से राशि न मिलने,मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति और छात्रवृत्ति के वितरण तथा सरकार के विभिन्न पोर्टलों के उपयोग में हो रही असुविधा से संबंधित आवेदन पत्र शामिल रहेंगे। एजेण्डा बिन्दु में नगरीय क्षेत्र में सड़कों,गलियों,नालियों और सीवरेज की साफ-सफाई,मच्छरों के रोकथाम तथा सफाई कर्मियों से जुड़ी शिकायतें शामिल रहेंगी।

## कलेक्टर एवं एसपी ने की सीसीटीवी कैमरों से चित्रकूट के मुख्य स्थानों की निगरानी





**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने शनिवार को चित्रकूट विकास प्राधिकरण में स्थापित कमांड सेंटर के कैमरों से चित्रकूट के मुख्य स्थानों की मानीटरिंग की। कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देशन में पहली बार कमांड सेंटर द्वारा संपूर्ण मेला क्षेत्र के मुख्य स्थानों की निगरानी कमांड सेंटर द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने दीपावली मेला तैयारी,व्यवस्था तथा मेला स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ भ्रमण कर क्राउड कन्ट्रोल,पार्किंग और श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन के लिए किये गये प्रबंधों का जायजा लिया।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 'यूनिटी मार्च': युवा नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता पर जोर: सांसद




**सतना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'सरदार 150 यूनिटी मार्च' अभियान के तहत सतना जिले में जिला स्तरीय पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सांसद गणेश सिंह ने बताया कि यह पदयात्राएं 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलेंगी। सांसद गणेश सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव,सामाजिक जिम्मेदारी और एकता की भावना को सशक्त करना है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण' के विजन से प्रेरित है। अभियान के तहत जिले भर में तीन दिवसीय 8-10 किमी की पदयात्राएं होंगी। स्कूलों और कॉलेजों में निबंध,वाद-विवाद,नुक्कड़नाटक,नशामुक्त भारत शपथ,स्वदेशी संकल्प,योग शिविर और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने युवाओं से इस ऐतिहासिक राष्ट्रीय एकता अभियान में भाग लेकर 'एक भारत,श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करने का आग्रह किया। सांसद सिंह ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए स्वदेशी को अपनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में कटौती कर मोदी सरकार ने हर वर्ग को लाभ पहुंचाया है। भारत आज तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है और रक्षा,स्वास्थ्य तथा अन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हासिल कर रहा है। 'वोकल फॉर लोकल' जैसे नारों ने नई ऊर्जा का संचार किया है। राष्ट्रीय स्तर पर 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी ( केवड़िया) तक 152 किमी की पदयात्रा निकाली जाएगी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय,विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार,महापौर योगेश ताम्रकार सहित कई अन्य नेता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 5 नवम्बर को देव दीपावली पर होगा दीपोत्सव का आयोजन

**पन्ना।** श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा श्री रामचंद्र वन गमन के चिन्हांकित स्थलों वाले पन्ना सहित 9 जिलों सतना, मैहर, कटनी, शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम, उमरिया एवं अनूपपुर में पवित्र नदी एवं सरोवरों के घाटों पर दीपोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर देव दीपावली 5 नवम्बर को स्थानीय धरम सागर तालाब घाट पर बड़ी संख्या में दीपदान सहित श्री रामचंद्र की रंगोली निर्माण और स्थानीय कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा बटुकों द्वारा आरती और भगवान श्री रामचंद्र केन्द्रित भजन संध्या का आयोजन भी होगा। कलेक्टर ऊषा परमार ने दीपोत्सव कार्यक्रम के आयोजन के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभारी अधिकारी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अशोक चतुर्वेदी को समारोह स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं तथा कार्यक्रम संचालन में सहयोग एवं मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक, एसडीएम एवं तहसीलदार पन्ना, जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी मनरेगा, नगर पालिका परिषद पन्ना के सीएमओ, जनसंपर्क अधिकारी और थाना प्रभारी यातायात को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। जिला कलेक्टर द्वारा श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास के प्रभारी अधिकारी अमित कुमार यादव से संपर्क व समन्वय कर गरिमामय कार्यक्रम आयोजन के लिए निर्देशित किया गया है।

### खाद्य प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** खाद्य एवं उद्यानिकी प्रसंस्करण विभाग द्वारा भारत सरकार एवं प्रदेश शासन की अतिमहत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लाभ के लिए आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षित बेरोजगार युवा इस योजना का लाभ प्राप्त कर स्वयं का उद्यम स्थापित कर सकते हैं। उद्यानिकी विभाग द्वारा बैंक से प्रदाय ऋण में स्वीकृत परियोजना लागत राशि का 35 प्रतिशत अनुदान अथवा अधिकतम 10 लाख रूपए जो भी कम हो, स्वीकृत किया जाएगा। आवेदनकर्ता द्वारा कृषि अवसंरचना निधि के माध्यम से आवेदन जोड़ने पर अतिरिक्त 3 प्रतिशत ब्याज की छूट भी 7 वर्ष तक मिल सकेगी। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि स्वरोजगार के इच्छुक उद्यमी इस अभिनव योजना का लाभ प्राप्त कर दाल, आटा एवं राइस मिल सहित अचार, पापड़, मुरब्बा, बरी, जैम जेली, कैचप, सिरका, ऑयल मिल, बेकरी प्रोडक्ट, कुरकुरे, चिप्स इत्यादि किसी भी प्रकार की इकाई स्थापित कर सकते हैं। योजना की अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय अथवा विकासखंड स्थित उद्यानिकी रोपड़ी में संपर्क किया जा सकता है। उद्यमी को बैंक ऋण में सहयोग के लिए ब्लॉक स्तर पर रिसोर्स पर्सन भी नियुक्त किए गए हैं।

### 23 अक्टूबर को रहेगा स्थानीय अवकाश

**पन्ना।** जिला कलेक्टर द्वारा वर्ष 2025 के लिए पूर्व में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए थे। इस क्रम में आगामी 23 अक्टूबर को दीपावली के भाईदूज पर्व पर संपूर्ण पन्ना जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा।

### सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 27 को

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में सोमवार, 27 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिला संयोजक द्वारा बैठक में सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### लॉटरी के जरिए हुआ पटाखा दुकानों का आवंटन



**पन्ना।** दीपावली पर्व पर जनसुविधा के दृष्टिगत शासकीय पॉलीटेक्निक ग्राउंड पन्ना में 18 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक की अवधि के लिए पटाखा दुकानों का संचालन किया जाएगा, जिसके तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी की उपस्थिति में पारदर्शी प्रक्रिया से लॉटरी के जरिए आतिशबाजी विक्रय के लिए पटाखा दुकानों का आवंटन किया गया। निर्धारित अवधि के लिए कुल 65 दुकानें संचालित की जाएंगी। विक्रेताओं को आतिशबाजी विक्रय के लिए जारी अनुज्ञप्ति की सभी शर्तों का पालन करना आवश्यक है।

## दीपों की ज्योति में खिला संस्कारों का दीपक

# सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया दीपोत्सव बच्चों में जागी सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता की भावना

**पन्ना।** संस्कारों की जननी कही जाने वाली सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन पारंपरिक गरिमा और हर्षोल्लास के साथ किया गया। दीपों की श्रृंखला, मां सरस्वती की वंदना और विद्यार्थियों के उत्साह से विद्यालय प्रांगण प्रकाशमय हो उठा। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी प्रधानाचार्य ने मां वीणावादिनी के चित्र पर तिलक वंदन व पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया। आचार्य श्री अंकुल शर्मा ने दीपावली के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को कथाओं के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर छात्र आत्मेश पाण्डेय ने "राष्ट्रीय एकता और दीपावली" विषय पर ओजस्वी भाषण दिया, जिसमें उन्होंने इसे एकता और सहयोग का पर्व बताया। विद्यालय में दीपोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कारों को बच्चों के मन में रोपित करने का माध्यम है। विद्या भारती सरस्वती





शिक्षा परिषद की परंपरा के अनुरूप बच्चों ने पारंपरिक दीयों से पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में समिति सदस्य, प्राचार्य, प्रधानाचार्य, आचार्य, दीदियां और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संकल्प दोहराया कि भारतीय संस्कृति की यह दीपशिखा निरंतर प्रज्वलित रहेगी। इस आयोजन का उद्देश्य केवल पर्व मनाना नहीं, बल्कि बच्चों में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक गर्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा। विद्यालय परिवार ने दीपों की रोशनी के माध्यम से यह संदेश दिया कि संस्कार और सकारात्मक विचार ही समाज में स्थायी उजाला फैला सकते हैं।

## दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए कार्ययोजना बनाएं- कमिश्नर

## किसानों को पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के लिए करें प्रोत्साहित

**पन्ना।**

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर उसका प्रभावी और परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन की विपुल संभावनाएं हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए सागर संभाग में पशुपालन और दूध के उत्पादन के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रभावी तरीके से कार्य करने की जरूरत है। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए अच्छी नस्लों के दुधारू पशु तैयार करने की आवश्यकता है। इसके लिए सागर संभाग के सभी जिलों में कृत्रिम गर्भाधान को प्रोत्साहित कर अच्छी नस्ल की गायें तैयार की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग में पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए शासन द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना, नंदी शाला योजना,



स्वावलंबी गौशाला योजना जैसी अभिनव योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर इन्हें पशुपालक किसानों तक पहुँचाया जाए तथा इन योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी पशुपालक किसानों को देकर उन्हें पशुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। कमिश्नर सागर संभाग ने पशुपालन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में अच्छी नस्ल के पशुओं की संख्या बढ़ाने के लिए पशु चिकित्सक पशुपालकों को समझाईश देकर अच्छी नस्ल के पशुओं की संख्या बढ़ाने के लिए कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में दुग्ध उत्पादन समितियों को सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। निष्क्रिय दुग्ध उत्पादन समितियों को सक्रिय बनाएं और उन्हें पशुपालन के क्षेत्र में कार्य करने के लिए सतत प्रोत्साहित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में चलित पशु चिकित्सा इकाइयों को और अधिक बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें और पशु टीकाकरण के लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित चरी चारा योजना, बकरी पालन योजना, मुर्गी पालन योजना, मुर्राह पालन योजना, नंदी शाला योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की जिलेवार प्रगति की समीक्षा की तथा दिए गए लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर द्वारा मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

## पुलिस द्वारा गुनौर थाना क्षेत्र में की गई बड़ी कार्यवाही, बिक्री हेतु अवैध शराब परिवहन करते आरोपी के विरुद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

### क्रेटा कार सहित अवैध देशी शराब जप्त

**पन्ना।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशानुसार पन्ना पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गुनौर पुलिस द्वारा की गई एक बड़ी कार्रवाई में बिक्री के उद्देश्य से परिवहन की जा रही भारी मात्रा में अवैध शराब सहित क्रेटा वाहन को जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिले के समस्त थानो में थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में थाना गुनौर में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया था। जिसके फलस्वरूप दिनांक 18.10.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मढ़ा मझियारी का एक व्यक्ति एक क्रेटा कार क्रमांक डच 3Ï5 ठ 2797 में अवैध शराब लेकर अपने घर की ओर जा रहा है। थाना प्रभारी गुनौर द्वारा मुखबिर सूचना की



जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर देखा गया। कुछ दूर पर एक व्यक्ति अपनी गाड़ी से देशी मदिरा की पेटियाँ निकालकर तालाब की मेड़ पर छिपाता हुआ दिखा। पुलिस वाहन को देखकर उक्त संदेही व्यक्ति मौके से भाग गया। पुलिस टीम द्वारा मौके से कुल 10 पेटी देशी मदिरा प्लेन की (प्रत्येक में 50 क्वार्टर, कुल 500 क्वार्टर, 180 एम.एल. प्रति क्वार्टर), कुल 90 लीटर देशी मदिरा प्लेन कीमत करीब 45,000 रूपये एवं वाहन क्रेटा कार क्रमांक डच 3Ï5 ठ 2797 जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 लाख सहित कुल मशरूका कीमती करीब 12 लाख 45 हजार रूपये का जप्त किया जाकर मामले में आरोपी के विरूद्ध थाना गुनौर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण कायम किया गया है। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जावेगा।

**जप्त सामाग्री** - पुलिस टीम द्वारा मौके से 10 पेटी देशी मदिरा प्लेन की (प्रत्येक में 50 क्वार्टर, कुल 500 क्वार्टर, 180 एम.एल. प्रति क्वार्टर), कुल 90 लीटर देशी मदिरा प्लेन कीमत करीब 45,000 रूपये एवं वाहन क्रेटा कार क्रमांक डच 3Ï5 ठ 2797 जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 लाख सहित कुल मशरूका कीमती करीब 12 लाख 45 हजार रूपये का जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, उनि दीपक सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक मनीष कश्यप, आरक्षक नीलेश प्रजापति, राजकुमार, दीपक कुमार, अमन एवं आर. वाहन चालक बृजेश घोषी का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त टीम द्वारा किये गये कार्य की सराहना की गई है।

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भेंट किए हस्त निर्मित दीये





**पन्ना।**

म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर मिट्टी एवं गोबर से हस्तनिर्मित दीये एवं मूर्तियों सहित अन्य सामग्रियां तैयार की गई हैं। शुक्रवार को अन्नपूर्णा, वैष्णवमाता स्वसहायता समूह अहिरगुवां एवं ओम गणेशाय नमः स्वसहायता समूह बृजपुर की महिलाओं ने कलेक्टर ऊषा परमार एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को गौ काष्ठ दीपक भेंट किए। इस मौके पर जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला तथा आजीविका मिशन से शीतल द्विवेदी एवं ओ.पी. सोनी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण की रक्षा और स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन के उद्देश्य से जिले के विभिन्न समूहों की महिलाओं द्वारा दीपावली त्यौहार पर इस वर्ष भी हस्तनिर्मित दीपक एवं स्वास्तिक सहित अन्य सामग्रियां तैयार की गई हैं। ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में भी इनका विक्रय किया जाएगा। पर्यावरण हितैषी इन पारंपरिक उत्पादों को आमजन भी प्राथमिकता के साथ क्रय कर सकते हैं। इससे महिलाओं के उत्साहवर्धन के साथ ही उनकी आजीविका भी सशक्त होगी। जिला कलेक्टर द्वारा महिलाओं के इस प्रयास की सराहना की गई और इसे वोकल फॉर लोकल की भावना को साकार करने का सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने आमजनों से भी हस्तनिर्मित आकर्षक दीये और अन्य सामग्री क्रय करने की अपील की है।

## खरीफ फसलों की नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

# कलेक्टर ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश, उल्लंघन पर होगा जुर्माना

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर जनसामान्य के स्वास्थ्य हित व लोक शांति बनाए रखने के दृष्टिगत संपूर्ण पन्ना जिले के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर नरवाई जलाने की गतिविधियों को प्रतिबंधित किया है। उक्तादेश आगामी 2 माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा नरवाई जलाने वाले भू स्वामियों के विरूद्ध नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश अनुसार निर्धारित अधिनियम तथा पर्यावरण विभाग म.प्र. शासन के 15.05.2017 को जारी अधिसूचना के तहत निर्धारित अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले में विभिन्न स्थानों पर कतिपय किसानों द्वारा धान, उड़द, मूंग व सोयाबीन आदि खरीफ फसलों की कटाई पश्चात शेष नरवाई जला दी जाती है, जिससे खेत में फसलों को लाभ पहुंचाने वाले तत्व भी जल जाते हैं। इसके अलावा नरवाई में आग लगाने से धुआं एवं आग की लपटों से आगजनी की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इससे दूषित वातावरण निर्मित होता है और यह स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। इस कारण कई बार कानून व्यवस्था की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। इससे मानव जीवन व लोक संपत्ति की क्षति भी संभावित है। भविष्य में किसानों द्वारा खेतों में नरवाई जलाने से जनसामान्य के स्वास्थ्य और जानमाल को खतरा उत्पन्न होने तथा लोक शांति भंग होने की प्रबल संभावना के मद्देनजर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर खरीफ फसलों की कटाई के बाद नरवाई जलाने की गतिविधि पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में जानकारी दी गई है कि फसल कटाई के लिए कम्बाईन हार्वेस्टर में भूसा मैनेजमेंट सिस्टम का होना भी अनिवार्य है अन्यथा संबंधित किसान के साथ हार्वेस्टर संचालक के विरूद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। संबंधित एसडीएम, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग पन्ना, नगरीय निकायों के सीएमओ और पुलिस अधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया है।



## विद्युत विभाग की टीम ने की छापामार कार्यवाही

**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी की टीम द्वारा दीपावली पर्व के पहले विद्युत चोरी की रोकथाम के लिए छापामार कार्यवाही की जा रही है। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं अधीक्षण अभियंता प्रमोद गेडाम व कार्यपालन अभियंता अमितेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में विद्युत विभाग के अमले द्वारा आज कई स्थानों पर होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबों पर छापामार कार्यवाही की गई। विभाग की टीम द्वारा एक साथ पन्ना शहर सहित ग्रामीण वितरण केन्द्र अजयगढ़, देवेन्द्रनगर एवं गुनौर में विद्युत चोरी पकड़ने के लिए छापा मारा गया। कुछ स्थानों पर सीधे तौर पर विद्युत चोरी पाई गई, जबकि अन्य स्थानों पर स्वीकृत भार से अधिक विद्युत उपयोग करते पाए जाने पर विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार किया।

## दीपावली पर्व धनतेरस को राम अवतार बब्लू पाठक द्वारा गरीब निर्धन जरूरतमंद सैकड़ों परिवारों के घर जाकर वितरित किया गया जरूरी सामान की किट





**पन्ना।**

आज 18 अक्टूबर 2025 शनिवार दीपावली पर्व धनतेरस को राम अवतार बब्लू पाठक द्वारा गरीब निर्धन जरूरत मंद सैकड़ो परिवारों के घर जाकर जरूरी सामान साबुन तेल ब्रश सेफ्टी रेजर सेनेटाइजर पैड आदि की किट वितरण किया जो एक सराहनीय पहल है क्योंकि आज धनतेरस पर्व है और कई परिवार आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण साफ सफाई व्यवस्था नहीं कर पाते हैं ऐसी स्थिति को देखते हुए पन्ना नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी भाजपा नेता राम अवतार बब्लू पाठक जो हर किसी के सुख-दुःख में शामिल होते हैं और आज सच्ची मानवता का परिचय देते मानवीय व्यवहार कर्तव्य का नेक कार्य किया गया।



## खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई दुकानों से लिए गए नमूने

**पन्ना।**

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिला प्रशासन की टीम के साथ संयुक्त रूप से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इस क्रम में आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय ने गुनौर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर खाद्य दुकानों का निरीक्षण कर जांच के लिए नमूने लिए। गुप्ता स्वीट्स से मावा, जोधपुर मिष्ठान भंडार से मोतीचूर लड्डू, माधव स्वीट्स से मावा, कान्हा दूध डेयरी से पनीर का सैम्पल लेकर मां चंडी होटल एवं रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया गया एवं जरूरी निर्देश दिए गए। इस दौरान नायब तहसीलदार राजेश मेहरा भी उपस्थित रहे। खाद्य सुरक्षा विभाग की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### सनातन एकता पदयात्रा की सफलता की कामना लेकर दो भक्त कर रहे दंड यात्रा



**छतरपुर।** सिद्धपीठ बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री अगले माह नवंबर में देश की राजधानी दिल्ली से श्रीधाम वृंदावन तक सनातन एकता पदयात्रा निकाल रहे हैं, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उनकी इस यात्रा को न सिर्फ बुंदेलखंड बल्कि पूरे देश के लोगों का समर्थन मिल रहा है। ऐसे ही दो भक्त हैं मध्यप्रदेश के निवाड़ी जिले के ग्राम देवरी बमनऊ के भागचंद अहिरवार और ओमप्रकाश अहिरवार जो अपने गांव से दंड यात्रा करते हुए बागेश्वर धाम जा रहे हैं। शनिवार को यह दंडयात्रा छतरपुर पहुंची जहां भागचंद अहिरवार और ओमप्रकाश अहिरवार ने बताया कि वे पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा के समर्थन में यह कठिन दंड यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गत 25 सितंबर को उन्होंने आने गांव से दंड यात्रा शुरु की थी। उनके साथ गांव के ही कुछ अन्य लोग भी पैदल चल रहे हैं। भागचंद अहिरवार ने कहा कि वे आज बागेश्वर धाम पहुंचकर बालाजी से सनातन एकता पदयात्रा की सफलता के लिए कामना करेंगे। वहीं ओमप्रकाश अहिरवार ने कहा कि वे सनातन एकता पदयात्रा की सफलता की कामना के साथ-साथ बागेश्वर बालाजी और पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के दर्शनों की अभिलाषा के साथ यह दंडयात्रा कर रहे हैं।

### खेत में बुवाई कर रहे किसान परिवार पर हुआ हमला



**छतरपुर।** चंदला थाना क्षेत्र के नाहरपुर गांव में शनिवार को एक किसान परिवार अपने खेत की बुवाई कर रहा था तभी गांव के करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने उन पर हमला कर दिया। मारपीट में किसान परिवार के आधा दर्जन महिला-पुरुष घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नाहरपुर निवासी आनंदी लाल पटेल ने बताया कि वह परिवार के लोगों के साथ अपने खेत की बुवाई कर रहा था। इसी दौरान गांव का राजेन्द्र पटेल अपने साथी अवधेश, लक्ष्मी, शालिगराम, दादूराम, कल्लू, नीरज, राजेश सहित करीब डेढ़ दर्जन लोगों के साथ खेत पर आया और जमीन उसकी होने की बात कहकर मारपीट शुरु कर दी। आनंदी के मुताबिक मारपीट में उसके अलावा परिवार का महेश, रामकिशन, रामखिलावन, बड़ी बाई और कल्ली बाई घायल हुई है। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए थे। किसी तरह घायल चंदला अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### तस्करी के दौरान पकड़ी 54 लीटर अवैध शराब

**छतरपुर।** गौरिहार थाना क्षेत्र की पहरा चौकी पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत अवैध शराब तस्करी के खिलाफ सख्ती बरतते हुए 54 लीटर अवैध शराब और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। बताया गया है कि पुलिस को ग्राम बरुआ रोड में अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली। टीम ने नावघाट पर पहुंचकर एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल और उसमें बंधे बड़े थैले की जांच की, जिसमें 6 पेटी अवैध शराब, कुल 54 लीटर, बरामद हुई। मोटरसाइकिल सहित संपत्ति की अनुमानित कीमत 90 हजार रुपये बताई गई।

## गैस एजेंसी के पास रखे थे लाखों के पटाखे

# पुलिस-प्रशासन ने आधी रात को मारा छापा

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में इन दिनों में प्रशासन और पुलिस द्वारा अतिशबाजी के अवैध भंडारण के विरुद्ध छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में छतरपुर शहर के बीचों-बीच स्थित एक गैस एजेंसी के पास स्थित मकान से पुलिस और प्रशासन ने आधी रात को लाखों रुपए की आतिशबाजी जप्त करने की कार्रवाई की है।

छतरपुर तहसीलदार पियूष दीक्षित ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि छतरपुर शहर के सर्किट हाउस तिराहा के समीप स्थित एक गैस एजेंसी के ठीक सामने स्थित मकान में बड़ी मात्रा में आतिशबाजी का भंडारण किया गया है। इसी सूचना के आधार पर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों और कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी की टीम के साथ संबंधित मकान में दबिश दी। जांच में मकान के भीतर से बड़ी मात्रा में आतिशबाजी बरामद हुई, जिसे तुरंत सील कर दिया गया। श्री दीक्षित ने बताया कि जप्त आतिशबाजी की कीमत लाखों में है। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि संबंधित मकान के पास ही गैस एजेंसी मौजूद है, ऐसे में अनहोनी की आशंका भी थी। मामले की जांच जारी है, प्रारंभिक जांच में पटाखा व्यापारी अंकुर अग्रवाल द्वारा अतिशबाजी का भंडारण किए जाने की जानकारी सामने आई है, जिन पर कार्रवाई की जा रही है।



उक्त कार्रवाई के बाद शनिवार की सुबह जब पुलिस-प्रशासन की टीम सील की गई आतिशबाजी को जप्त करने पहुंची तो पटाखा व्यापारी अंकुर अग्रवाल की बहन आकांक्षा ने न केवल जमकर हंगामा किया बल्कि घर के अंदर से पैसे तथा जेवरात चोरी होने के आरोप भी लगाए। आकांक्षा का कहना था कि रात के वक्त की गई कार्रवाई के बाद से घर में रखी नगदी और सोने-चांदी के जेवरात गायब हैं। इस दौरान आकांक्षा ने पुलिस और प्रशासन के अ?धिकारियों के साथ जमकर बहसबाजी की, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर दिन भर वायरल होते रहे। इतना ही नहीं आकांक्षा ने पुलिस-प्रशासन के विरुद्ध मामला दर्ज कराने की धमकी तक दे डाली। वहीं आकांक्षा के पिता ने भी प्रशासन के सामने चोरी के आरोपों को पुख्ता करने के लिए अपने दोनों बच्चों की कसमें खाईं। मौके पर एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार पीयूष दीक्षित, कोतवाली टीआई अरविंद दांगी सहित अन्य अमला मौजूद रहा।

### इनका कहना

सर्किट हाउस तिराहा के समीप स्थित एक गैस एजेंसी के ठीक सामने स्थित मकान में बड़ी मात्रा में आतिशबाजी का भंडारण किया गया था, जिसे रात के वक्त सील किया गया था। सुबह के वक्त जब टीम सील की गई सामग्री को जप्त करने पहुंची तो परिवार की एक लड़की द्वारा चोरी के आरोप लगाए हैं जो कि निराधार हैं। प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

**अखिल राठौर, एसडीएम, छतरपुर**

## ग्राम पंचायत ज्योराहा में शासकीय भूमि पर दबंगों का अवैध कब्जा

### सरपंच ने की अवैध कब्जे की शिकायत

**छतरपुर।** लवकुशनगर जनपद की ग्राम पंचायत ज्योराहा की सरपंच ने पंचायत में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।श्रीमती मिथलेश सिंह, सरपंच, ग्राम पंचायत ज्योराहा ने अनुविभागीय अधिकारी, लवकुशनगर तहसील, जिला छतरपुर को आवेदन देकर बताया कि खसरा नंबर 1379, 1381/1, 1355, 1354, और 1381/1/2, जिनका रकबा क्रमशः 0.364, 2.257, 0.486, 0.575, और 1.070 हेक्टेयर है, जिस पर ग्राम के ही दिनेश सिंह पिता हीरा सिंह और सुरेश सिंह पिता हीरा सिंह द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। यह शासकीय भूमि मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं के तहत ग्राम पंचायत के विकास कार्यों और शासकीय भवनों के निर्माण के लिए आवश्यक है। अवैध कब्जे के कारण ये कार्य पूरी तरह बाधित हैं। मिथलेश सिंह ने गुरुवार को दिए आवेदन में अनुरोध किया कि उक्त खसरा नंबरों से अवैध कब्जा हटवाकर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को सुचारू करने के लिए त्वरित और न्यायोचित कार्रवाई की जाए।



## समाज की उन्नति के लिए एकजुट होने का लिया गया संकल्प

### ब्राह्मण समाज ने आयोजित किया दशहरा मिलन कार्यक्रम



**छतरपुर।** व्यक्ति का ताना-बाना समाज में निहित होता है और किसी भी समाज के विकास के लिए व्यक्तियों का एकजुट होना आवश्यक है। सनातनी त्यौहार एक दूसरे को आपस में जोड़ते हैं। बीती श्याम ब्राह्मण समाज की ओर से दशहरा मिलन का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित विप्र बंधुओं ने एक दूसरे को तिलक लगाकर असत्य पर सत्य की विजय के पर्व दशहरा की शुभकामनाएं दी। सभी ने एक स्वर में कहा कि समाज के विकास के लिए सभी एकजुट हो। शहर के पुराने बिजावर नाका में स्थित ब्राह्मण समाज के भवन में समाज की ओर से दशहरा मिलन कार्यक्रम रखा गया। इस पावन कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने सबसे पहले भगवान परशुराम के चरणों में तिलक लगाया, उनकी आरती की। इसके बाद त्यौहार की गरिमा को देखते हुए एक दूसरे को तिलक लगाकर गले मिले। सभी ने अपने-अपने उद्बोधन में समाज के विकास पर चर्चा के साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्रों एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले लोगों को सम्मानित करने पर भी चर्चा हुई। सामाजिक गतिविधियों को लगातार जारी रखना का प्रस्ताव रखा गया। सभी ने कहा कि हर माह एक बैठक हो ताकि एक माह की गतिविधियों के बारे में चर्चा होकर उससे निकलने वाले परिणाम को जाना जा सके। इस अवसर पर डॉ. आरसी गोस्वामी, भवानी दीन मिश्रा, अनंत राम चौबे, के एस अरजरिया,जेपी मिश्रा, सीता शरण रिछारिया, रामस्वरूप गोस्वामी, एमके तिवारी, जेपी शुक्ला, आरके मिश्रा, आनंद शर्मा, दिनेश रिछारिया, विनोद मिश्रा, राकेश शर्मा,कमल अवस्थी, अनुजय पाठक, आरसी गोस्वामी सहित ब्राह्मण समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## धनतेरस पर खोए हुए मोबाइल वापिस पाकर खिल उठे धारकों के चेहरे



### ऑपरेशन विश्वास के तहत छतरपुर पुलिस ने की कार्रवाई, एक चोर भी पकड़ा

**छतरपुर।** पिछले कुछ महीनों में जिले के अलग-अलग इलाकों से चोरी हुए मोबाइलों को बरामद करने की मंशा से छतरपुर पुलिस द्वारा शुरु किए गए ऑपरेशन विश्वास के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। शनिवार धनतेरस के त्यौहार पर पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में करीब एक सैकड़ा गुम मोबाइल, धारकों को वापिस लौटाए गए, जिससे मोबाइल धारकों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने छतरपुर पुलिस की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन विश्वास के तहत वर्ष 2025 में छतरपुर पुलिस द्वारा अब तक कुल 540 मोबाइल खोजकर धारकों को वापिस लौटाए गए हैं। पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान एसपी अगम जैन ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के तहत गठित की गई टीम ने पिछले 20 दिनों में कुल 91 मोबाइल रिकवर किए हैं, जिन्हें आज उनके धारकों को सौंपा गया है। श्री जैन ने बताया कि यह मोबाइल उत्तर प्रदेश के झांसी, महोबा और बांदा जिलों के अलावा मध्य प्रदेश के टीकमगढ़, सागर, पन्ना और छतरपुर जिलों से बरामद किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अभियान के तहत सभी थानों के पुलिसकर्मियों को तकनीकी पोर्टल और मोबाइल सर्चिंग का प्रशिक्षण दिया गया था। उक्त प्रशिक्षण लेने वाले पुलिसकर्मी लगातार वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों पर भी शिकंजा कसा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उक्त मोबाइलों को रिकवर करने के दौरान लवकुशनगर पुलिस द्वारा एक चोर भी पकड़ा गया है, जिस पर, विधिवत कार्यवाही की जा रही है। एसपी ने बताया कि बरामद मोबाइल छात्र-छात्राओं, मजदूरों, एनजीओ कर्मचारियों, किसानों और गृहणियों के थे, जो कि उन्हें वापिस दिए गए हैं।

### मोबाइल चोरी हो तो इस नंबर पर भेजें जानकारी

पुलिस अधीक्षक ने ऑपरेशन विश्वास के तहत एक और व्यवस्था लागू की है। एसपी ने व्हाट्सएप नंबर 9479991005 को सार्वजनिक करते हुए बताया कि यदि किसी नागरिक का मोबाइल गुम अथवा चोरी होता है तो वह जल्द से जल्द अपना आधार कार्ड अथवा अन्य पहचान प्रमाण पत्र, मोबाइल का बिल, मोबाइल बॉक्स की फोटो, गुम मोबाइल की तिथि एवं स्थान, वैकल्पिक संपर्क नंबर और नजदीकी थाने में की गई शिकायत की कॉपी इस नंबर पर भेजे। सूचना भेजने के बाद पुलिस की टीम प्रकरण पर तुरंत कार्रवाई शुरु करेगी ताकि शीघ्र गुम मोबाइल को खोजा जा सके।

## धनतेरस पर गुलजार रहे बाजार, जमकर हुई खरीददारी



**छतरपुर।** सनातन धर्मावलंबियों के सबसे बड़े त्यौहार दीपोत्सव का आगाज शनिवार को धनतेरस पर्व के साथ हो गया है। शनिवार को जिला मुख्यालय सहित जिले के अन्य इलाकों के बाजार ग्राहकों से गुलजार रहे। लोगों ने बाजार से पूजन सामग्री के अलावा, कपड़े, गहने, बर्तन, घरेलू कामकाज की वस्तुएं, इलैक्ट्रोनिक सामग्री की खरीदी की। बाजार में अच्छी रौनक होने से दुकानदारो के चेहरे भी खिल उठे।

इस वर्ष सरकार द्वारा छेड़ी गई स्वदेशी अपनाओ की मुहिम का प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। बाजार में पहंचे लोगों ने चीजों के स्वदेशी होने की बात पूछकर वस्तुओं को खरीदा। पांच दिवसीय दीपोत्सव के पहले दिन यानि कि धनतेरस पर छतरपुर के चौक बाजार क्षेत्र में ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। सोना-चांदी महंगा होने के कारण लोगों का रुझान इस वर्ष बर्तनों की ओर अधिक दिखा। मध्यमवर्गीय परिवारों ने पूजन सामग्री के साथ बर्तनों की खरीददारी की। हालांकि संपन्न परिवारों ने सोने-चांदी के आभूषण भी खरीदे। पिछले कई दिनों से दीपावली के लिए तैयारी कर रहे दीपक कारीगरों ने भी अपनी दुकानें सजाईं, जहां से दिन भर खरीदी होती रही। इसके अलावा लोगों ने कपड़े, घरेलू कामकाज की वस्तुएं, इलैक्ट्रोनिक सामग्री की भी खरीदी की। दुकानदारों ने बताया कि सरकार द्वारा लोगों को विदेशी छोड़कर स्वदेशी अपनाने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है, जिसके चलते इस वर्ष खरीददारी करने आ रहे ग्राहकों ने वस्तुओं की खरीददारी करने से पहले उनका स्वदेशी होना सुनिश्चित किया।

### बढ़ी हुई कीमतों ने सोने-चांदी से किया मोहभंग



धनतेरस के दिन अक्सर लोग सोने या चांदी के आभूषण अथवा सामग्री की खरीदी करते हैं लेकिन चूंकि इस वर्ष सोने-चांदी के दामों में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिसके चलते लोगों का सोने-चांदी से मोहभंग हो गया है। मध्यमवर्गीय परिवारों ने तो इस वर्ष आभूषण दुकानों की ओर जाना ही उचित नहीं समझा। कुछ चुनिंदा संपन्न परिवारों के लोग ही आभूषण की दुकानों पर खरीदी करने पहुंचे। सर्राफा व्यापारी महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष उतने ग्राहक नहीं आ रहे हैं, जो कि सोने-चांदी की बढ़ी हुई कीमतों का प्रभाव है। हालांकि शाम के वक्त काफी लोग अपनी क्षमता के मुताबिक खरीददारी करने उनकी दुकान पर पहुंचे।

### बाजार में खरीदी करने पहुंचे राज्यमंत्री



शनिवार की शाम को मध्यप्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार छतरपुर के बाजार में खरीददारी करने पहुंचे। इस मौके पर राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने बताया कि मंत्री, विधायक बनने से पहले भी वे इसी तरह से बाजार आते थे। उन्होंने कहा कि वे हमेशा स्वदेशी अपनाने के पक्ष में रहे हैं और इस वर्ष भी वे जनता को यही संदेश दे रहे हैं। राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने छोटी से दुकान से दीपक खरीदने के बाद अन्य लोगों से आग्रह किया कि वे भी हमारे छोटे दुकानदारों से खरीददारी करें ताकि महीनों से मेहनत कर रहे हमारे कारीगरों की दीपावली भी खुशी-खुशी संपन्न हो।

### अन्य सामग्री की जमकर हुई खरीददारी



एक अन्य व्यापारी डालडे मातेले ने बताया कि इस वर्ष लोगों का रुझान ऑनलाइन खरीददारी से हटकर एक बार फिर बाजार की ओर है, परिणामस्वरूप बाजार में बड़ी संख्या में लोग खरीददारी करने पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाजार में ज्यादातर वस्तुएं स्वदेशी हैं, जिनकी अच्छी खासी बिक्री हो रही है। श्री मातेले ने यह भी कहा कि इस वर्ष केन्द्र सरकार ने जीएसटी घटाई है, वहीं प्रदेश सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना की राशि भी त्यौहार के पहले भेजी है, जिससे लोग उत्साह पूर्वक खरीदी करने बाजार आ रहे हैं। बाजार के एक बर्तन व्यापारी ने कहा कि चूंकि इस वर्ष सोना-चांदी महंगा है इसलिए लोग बर्तनों की खरीददारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान पर सुबह से ही लोग बर्तनों की खरीदी करने पहुंच रहे हैं। शाम को उनकी दुकान पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली।

## आज होगा श्री हनुमान जन्मोत्सव का आगाज

### मोटे के महावीर मंदिर 12 दिनों तक चलेगा धार्मिक आयोजन

**छतरपुर।** बिजावर नाका स्थित मोटे के महावीर मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ आज शाम को होगा। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमियों से आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विनोद रावत ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन का यह 50वां वर्ष है, जिसका शुभारंभ आज शाम 7 बजे श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के साथ होगा। इसके बाद 20 से 21 अक्टूबर तक अखण्ड रामधुन चलेगी। 22 अक्टूबर को अखण्ड रामायण पाठ की बैठकी होगी तथा 23 को पूजन के बाद शाम 6 बजे सामूहिक सुन्दरकांड पाठ किया जाएगा, जिसमें भारतीय परिधान पहनकर आना अनिवार्य है। 24 से 30 अक्टूबर तक श्रीराम चरित मानस प्रवचन माला चलेगी, जिसमें हनुमतद्वाराचार्य पारीक्षा धाम झांसी के पीठाधीश्वर महावीरदास ब्रम्हचारी महाराज तथा बाल व्यास पं. शशिशेखर महाराज के मुखारविंद से रामकथा के रसपान का सौभाग्य धर्मप्रेमियों को मिलेगा। 31 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 10 बजे से हवन प्रारंभ होगा और इसी दिन ?विशाल भण्डारे के साथ आयोजन का विराम होगा। आयोजन में सिद्ध पीताम्बरा पीठ दतिया के राजकुमार उदेनिया रामायणी जी, ब्रम्हचारी जी के कृपापात्र शिष्य राघवेन्द्र शरण दास रामायणी की विशेष उपस्थित रहेगी। जबकि मानस मंच संचालक के तौर पर पं. देवनाथ पाठक भूमिका निभाएंगे। डॉ. विनोद रावत ने सभी सनातन धर्मप्रेमियों से आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 अक्टूबर को

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 अक्टूबर को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदकों की शिकायतों का समाधान करेंगे। यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन के विभिन्न विषयों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं की समीक्षा की जाएगी। इनमें किसान क्रेडिट कार्ड, रासायनिक खाद और बीज का वितरण, नलजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति, नवीन राशनकार्ड जारी करना एवं कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना में मजदूरों के पंजीयन शामिल हैं। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, मेडिकल कालेज में प्रसूति सहायता योजना से राशि न मिलने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति और छात्रवृत्ति के वितरण तथा सरकार के विभिन्न पोर्टलों के उपयोग में हो रही असुविधा से संबंधित आवेदन पत्र शामिल रहेंगे। एजेण्डा बिन्दु में नगरीय क्षेत्र में सड़कों, गलियों, नालियों और सीवरेज की साफ-सफाई, मच्छरों के रोकथाम तथा सफाईकर्मियों से जुड़ी शिकायतें शामिल रहेंगी।

### गोवर्धन पूजन कार्यक्रम 22 अक्टूबर को

**रीवा।** गोवर्धन पूजन कार्यक्रम 22 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री गौसेवा योजना एवं अशासकीय स्वयंसेवी संस्था द्वारा जिले में संचालित गौशालाओं में गोवर्धन पूजा के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान गौशाला में कार्यरत गौ सेवकों का सम्मान एवं गोमय व पंचगव्य के उत्पादों पर संगोष्ठी एवं व्याख्यान का भी आयोजन किया जाएगा।

### उप मुख्यमंत्री आज जाएंगे अनूपपुर

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 19 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे रीवा से प्रस्थान कर अनूपपुर जिले के परासी ग्राम दोपहर 12.30 बजे पहुंचेंगे जहाँ वह विधायक श्री बिसाहूलाल सिंह के निवास पर शोक संवेदना प्रकट करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 1.45 बजे अनूपपुर जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगे तदुपरांत शहडोल रवाना होंगे। शुक्ल दोपहर बाद 3.45 बजे शहडोल में जिला चिकित्सालय का भ्रमण कर निरीक्षण करेंगे तदुपरांत शाम 5.30 बजे रीवा प्रस्थित होंगे।

### जरूरतमंदों को वितरित किए गए कपड़े, मिठाइयाँ व खिलौने

**रीवा।** नगर निगम एवं सहयोगी संस्था ने शनिवार को रानी तालाब मंदिर परिसर में एक विशेष डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। इस दौरान सप्ताहभर संचालित आरआरआर वाहन के माध्यम से एकत्रित वस्त्र, मिठाइयाँ और खिलौनों का वितरण जरूरतमंदों को किया गया। कार्यक्रम में निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे, उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, बिलाबॉन्ग स्कूल एवं पर्यावरण वाहिनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। निगम आयुक्त डॉ. सोनवणे ने अपने हाथों से जरूरतमंद बच्चों एवं परिवारों को मिठाइयाँ, खिलौने और कपड़े वितरित किए। निगम आयुक्त डॉ. सोनवणे ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में उपयोगी वस्तुओं को साझा करने की भावना को बढ़ावा देना है। दीपावली जैसे पावन अवसर पर जब हम अपने घरों को रोशनी से सजाते हैं, तो जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही इस पर्व का सच्चा अर्थ है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी समाजसेवा में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने का संदेश दिया।

### कलेक्टर ने विरासन माता का किया पूजन-अर्चन

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पाली कचनारी स्थित विरासन माता के प्रसिद्ध मंदिर में पहुंचकर पूजन-अर्चन किया और जिलेवासियों के सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। कलेक्टर श्री तिवारी को यहां पर मौजूद स्थानीय जनों ने,न केवल आसपास के धर्मावलंबियों और श्रद्धालुओं बल्कि दूर-दराज और प्रदेश के बाहर के श्रद्धालुओं की भी विरासन माता के मंदिर से जुड़ी आस्थाओं की जानकारी दी।

# स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण व उपयोग से ही आत्म निर्भर भारत का संकल्प पूरा होगा : डिप्टी सीएम

**उप मुख्यमंत्री ने प्रजापति समाज के 110 परिवारों को विद्युत चलित शैला चाक का किया वितरण**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण व उपयोग से ही आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा हो सकेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी उत्पादों के उपयोग में देश आगे बढ़ रहा है।

रीवा।





उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यम योजनान्तर्गत रीवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रजापति समाज के 110 परिवारों को विद्युत चलित शैला चाक का वितरण किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रजापति समाज के परिवार विद्युत शैला चाक से अपनी परंपरागत कला एवं उत्पादों का निर्माण कर स्वरोजगार स्थापित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वाहन पर स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। प्रजापति परिवार भी विद्युत चलित शैला चाक द्वारा उत्पादों का निर्माण कर अपनी परंपरागत पहचान को बनाए रखने में सक्षम होंगे। आज धनतेरस के अवसर पर यह कार्य प्रजापति समाज के लिए शुभ साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति बधाई के पात्र हैं जिनके प्रयासों से विद्युत शैला चाक का वितरण कराकर प्रजापति समाज के लोगों को उनके परंपरागत हुनर को आगे बढ़ाने में मदद मिली है। यह वास्तव में स्वदेशी जागरण का बड़ा मंत्र है। उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के निपनिया मोहल्ले में निवास करने वाले प्रजापति समाज के लोगों को चाक वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाकर इन्हें आगे बढ़ने में भी मदद की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वयं चाक भी चलाया तथा माटी का दीपक बनाया। पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति ने प्रजापति समाज के हित में किए जाने वाले अवश्य कार्यों का मांग पत्र सौंपा, जिसे शासन स्तर से पूरा कराए जाने की बात उप मुख्यमंत्री द्वारा कही गई। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती पन्ना बाई सहित अन्य जनप्रतिनिधि व प्रजापति समाज के स्वरोजगारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मैदानी के पटाखा गोदामों पर पुलिस ने मारा छापा, किया सीज गोदाम

# ओवर स्टॉक पटाखा खतरे में था पूरा रिहायशी इलाका



रीवा।

पटाखा गोदामों में रखरखाव के चलते प्रदेश में कई हादसे हो चुके, उसके बावजूद भी रीवा की पुलिस नहीं चेत रही है। दो दिन पूर्व पब्लिक वाणी ने इस खबर को प्रमुखता से प्रसारित किया तब जाकर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने पुलिस टीम गठित किया जिसका नेतृत्ष आईपीएस अधिकारी प्रभारी एसडीओपी मनस्त्री शर्मा के हाथों में सौंपी। शुक्रवार की शाम आईपीएस अधिकारी मनस्वी शर्मा समान थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल की पुलिस टीम और बम स्कॉड के साथ मैदानी स्थित पटाखों के गोदामों में दक्षिस दे दी। दबिस पड़ते ही पटाखा बिक्रेताओं के बीच हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि मैदानी में पांच पटाखा गोदाम संचालित है दबिस के दौरान दो गोदामों में ती सीमित पटाखे मिले लेकिन तीन गोदाम में क्षमता से ज्यादा पटाखे मिले जिसके कोई भी दस्तावेज गोदाम संचालक नहीं दे पाये। तीनों गोदामों मिले पटाखों को जब्त कर गोदामों को सीज कर दिया गया है। साथ ही बताया कि तीनोपटाखा गोदाम के संचालकों के विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम की धारा 5/9 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की जा रही है। मैदानी में आधा दर्जन से अधिक पटाखा व्यापारियों के गोदाम हैं। दीपावली में पूरे जिले में यही होलसेल व्यापारी ही पटाखा की सप्लाई करते हैं। इसके कारण इनके गोदाम में करोड़ों का पटाखा भरा हुआ है। पुलिस अचानक से मौके पर पहुंची तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने सभी गोदाम से ग्राहकों को बाहर कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। व्यापारियों से दस्तावेज तलब किए गए हैं। पटाखों का आंकलन करने के लिए बीडीएस की टीम को बुलाया नया है। अस्थाई दुकानें जो मॉडल स्कूल मैदान सहित जिला में तहसीलों में सजी हैं, वहां तक पटाखा की खेप का पहुंचना भी मुश्किल हो जाएगा।गोदामों को हटाने जारी हो चुका है नोटिसवर्तमान समय में जहां पर पटाखा व्यापारियों ने गोदाम बनाया हुआ है। अब वह रिहायसी क्षेत्र में तब्दील हो चुका है। पहले यह गोदाम शहर के अंदर थे कई शहरों में हादसे हुए तो इन व्यापारियों से शहर से बाहर भगाया गया। अब जहा गोदाम है. वहां भी घर बन गए हैं। ऐसे में इस जगह पर भी खतरा मंडराने लगा है। इन गोदामों को मैदानी से हटाने के लिए प्रशासन भी नोटिस जारी कर चुका है लेकिन अभी तक गोदाम हटाया नहीं गया। यहां बसे लोगों को आए दिन खतरा बना रहता है।1



# राजस्व अधिकारी ने किया पटाखा दुकानों और होटलों का निरीक्षण

**त्यौहारों में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कसी कमर**

रीवा।

जिले भर में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। धनतेरस से लेकर भाईदूज तक दीपावली में विभिन्न तरह के आयोजन होंगे। पर्व के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अमला लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि राजस्व और पुलिस अधिकारी लगातार पटाखा विक्रय स्थलों तथा होटलों का निरीक्षण कर रहे हैं। पुलिस और राजस्व अधिकारी मिलकर कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं। बाजारों में खरीददारी के कारण भारी भीड़ है। भीड़ को नियंत्रित करने, यातायात प्रबंधन तथा असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। एसडीएम मनगवां संजय जैन ने मनगवां में पटाखा बाजार में लगाई गई दुकानों का निरीक्षण किया। सिरमौर में एसडीएम दृष्टि जायसवाल तथा त्योंथर में एसडीएम पीएस त्रिपाठी ने तहसीलदार एवं पुलिस अधिकारियों के साथ पटाखा बाजार और होटलों का निरीक्षण किया। पटाखा की दुकानों में सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया गया। होटल तथा अन्य दुकानों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। रीवा शहर में एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी ने पटाखा बाजार का निरीक्षण किया। इसके साथ-साथ मैदानी में तीन पटाखा गोदामों का भी राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में पटाखे भण्डारित पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। गोविंदगढ़, बैकुण्ठपुर, चाकघाट, जवा, मनिकवार, रायपुर कर्चुलियान, गुढ़ में भी राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने पटाखा दुकानों तथा मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को त्यौहार के दौरान क्षेत्र का लगातार भ्रमण करने और कानून और व्यवस्था की निगरानी के निर्देश दिए हैं।

**विकास कार्यों से लोगों को मूलभूत सुविधाओं से मिलेगी सहूलियत**

# दो वार्डों में 60 लाख रूपए से होने वाले विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



दीपावली पर्व के आगमन से पूर्व महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने गुरुवार को नगर के दो वार्डों के चार स्थलों में लगभग 60 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले सीसी सड़क एवं नालियों के विकास कार्यों का भूमिपूजन स्थानीय पार्षदों एवं गणमान्य जनों के साथ उल्लासपूर्ण माहौल के बीच संपन्न कराते हुए शहरवासियों को विकास कार्यों का बड़ा तोहफा दिया है।

वंशवरूप वार्ड में 41.40 लाख रुपए की लागत से तीन स्थलों में द्वारका सिटी रोड के किनारे नाला रिपेयरिंग एवं कवरिंग, द्वारका सिटी के गेट तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कराए जाएंगे। जबकि वेंकट वार्ड में नारायण केवट के मंदिर से मालती, कोमल बर्मन 19.45 लाख रुपए से सी सी रोड निर्माण कार्य शामिल है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि निगम प्रशासन का उद्देश्य है कि कटनी को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जाए।

विकास निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और कटनी नगर निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। आने वाले समय में शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें इसके लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। शहर के प्रत्येक नागरिक को अच्छी आवागमन सुविधा, विद्युत, शुद्ध पेयजल, सीवर लाइन, शिक्षा एवं साफ सफाई की व्यवस्था कराना ही नगर निगम की प्राथमिकता है।

महापौर श्रीमती सूरी ने भूमिपूजन के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाए, ताकि नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पार्षदगण एवं उपस्थित नागरिकों द्वारा कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी का स्वागत सम्मान किया जाकर निगम प्रशासन वार्डों में कराए जा रहे इन विकास कार्यों से मूलभूत सुविधाओं में विस्तार होने की बात कही गई।

# पद्मधर पार्क में सजी दीपावली की हाट बाजार: महापौर एवं निगमायुक्त ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

रीवा।



नगर निगम द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर स्थानीय कारीगरों, फुटकर व्यापारियों एवं त्योहारी उत्पादों के विक्रेताओं को बढ़ावा देने हेतु पद्मधर पार्क में हाट बाजार लगाया गया है। इस दौरान महापौर अजय मिश्रा बाबा एवं निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने भ्रमण कर हाट बाजार की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। महापौर अजय मिश्रा बाबा ने बताया कि नगर निगम रीवा द्वारा पिछले तीन वर्षों से दीपावली के अवसर पर हाट बाजार आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय एवं परंपरागत व्यापार को प्रोत्साहन देना है। इस पहल से न केवल छोटे व्यापारियों को स्वरोजगार का अवसर मिला है, बल्कि शहर में बाजारों की भीड़ को भी सुव्यवस्थित किया गया है। पार्क में अधिकांश विक्रेता स्थानीय कारीगर महिलाएं, स्वयं सहायता समूह और छोटे व्यापारी हैं, जो दीपावली से संबंधित परंपरागत सामग्री जैसे दीये, मूर्तियाँ, पूजा सामग्री, तोरण, सजावटी वस्तुएँ, मिठाइयाँ एवं हैंडीक्राफ्ट उत्पाद विक्रय कर रहे हैं। उन्हें एक केंद्रीय स्थल भी प्राप्त हो रहा है, जिससे खरीदी में बढ़ोतरी हुई है। निगमायुक्त ने कहा कि हाट बाजार के आयोजन से शहर के मुख्य बाजारों में दीपावली के समय लगने वाली अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने में भी सहायता मिलती है। नगर निगम रीवा ने शहरवासियों से अपील की है कि वे दीपावली की खरीदारी में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें, ताकि रीवा के कारीगरों और छोटे व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनने में सहयोग मिल सके। साथ ही नागरिकों से हाट बाजार में खरीदारी करते समय पर्यावरण का ध्यान रखने, प्लास्टिक के उपयोग से बचने और स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील की गई है।

# बिना अनुमति पटाखे बेचे तो होगी कारवाई, स्थलों का हुआ निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

दीपोत्सव पर्व का आगाज शनिवार यानि आज धनतेरस से शुरू हो जायेगा!पटाखा कारोबार से व्यापारियों को अच्छे व्यापार की उम्मीद है।बहोरीबंद विकासखण्ड मैं पटाखा लायसेंस के लिए 100 लोगो ने आवेदन किये है।जिसमे स्लीमनाबाद ,बहोरीबंद व बाकल मैं पटाखा दुकानों के लिए स्थल चयन कर दिया गया है।चयनित स्थलों की ग्राम पंचायतो के द्वारा साफ सफाई कराई जा रही है।स्लीमनाबाद मैं पटाखा बाजार बहोरीबंद मार्ग मै सोसायटी के ओपन कैप स्थल पर लगेगा। दीपोत्सव पर्व पर बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने पर प्रशासन कारवाई करेगा। इस संबंध में बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया ने बताया कि दीपावली पर्व 2025 के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व बाकल क्षेत्र में निर्धारित स्थानों पर अस्थायी आतिशबाजी विक्रय हेतु लायसेंस जारी किये जा रहे हैं। इन निर्धारित क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य स्थलों पर आतिशबाजी का विक्रय प्रतिबंधित है। एसडीएम ने एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को आदेश दिए हैं कि वह अपने-अपने अनुभाग / थाना क्षेत्रान्तर्गत निरीक्षण कर निर्धारित स्थलों / लायसेंसधारियों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों / स्थानों, फुटपाथ, ठेलों पर एवं अन्य किसी भी स्थान पर किसी प्रकार की आतिशबाजी के विक्रय पर ₹पूर्णतः रोक की कारवाई की जाए।

# निर्धारित मात्रा के अंदर ही पटाखों का भंडारण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**अस्पताल, नर्सिंग होम, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों आदि से 100 मीटर की दूरी तक पटाखे जलाना प्रतिबंधित**

दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन के सम्बन्ध में मानक संचालन प्रक्रिया के पालन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने निर्देश जारी किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने पटाखा व्यापारियों को पटाखों के निर्माण, विक्रय और प्रस्फोटन आदि के सम्बन्ध में मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा जारी निर्देशों और म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी एस.ओ.पी का पालन करने के निर्देश जारी किया है। जिसके अनुसार दीपावली पर्व के दौरान रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखों का उपयोग किया जा सकता है। ग्रीन पटाखों के अंतर्गत फुलझड़ी, अनार व मेरुन आते हैं। पटाखों का प्रस्फोटन संवेदनशील क्षेत्र जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, हेल्थ केयर सेंटर, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों आदि से 100 मीटर की दूरी तक प्रतिबंधित है। जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित कराया जाएगा।

### प्रतिबंधित पटाखे

पटाखों में बेरियम सॉल्ट आदि विषैले रसायनों का उपयोग प्रतिबंधित है। लड़ी (जुड़े हुए पटाखे) का निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण, प्रस्फोटन भी प्रतिबंधित है। पटाखों की तीव्रता प्रस्फोटन स्थल से 4 मीटर पर 125 डी.बी.(ए) से अधिक नहीं होनी चाहिए। फटाखों की ऑनलाइन सेल प्रतिबंधित है। समस्त पटाखा व्यापारी शासन द्वारा निर्धारित पटाखों (ग्रीन पटाखों) का ही विक्रय करेंगे। लाइसेंस में निर्धारित मात्रा के भीतर ही पटाखों का भंडारण करेंगे। अग्नि से सुरक्षा के लिए रेत की बाल्टी, पानी, फायर एक्सटिंग्विशर सिस्टम आदि पर्याप्त मात्रा में रखेंगे। पटाखा दुकानों के पास कोई भी व्यक्ति बीड़ी, सिगरेट ना पिए उसका बोर्ड लगाएंगे एवं लोगों से इसका पालन भी सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी पटाखा व्यापारियों को शासन एवं म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।